दैनिक
# विश्वनाथ समाचार
RNI NO. MPHIN/25/A4357
संदीप परमार (सेन)
(प्रधान संपादक)
मो. 9755161156
www.vishwanathsamachar.com | इंदौर, शनिवार 14 नवम्बर 2026 | वर्ष 1 | कुल पृष्ठ : 8 | DIGITAL EDITION

उत्कृष्ट खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी सम्मानित

# राष्ट्रीय खेल पुरस्कार आज

नई दिल्ली। देश में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और खिलाड़ियों की उपलब्धियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सम्मानित करेंगी। इस समारोह में देश के उन खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, कड़ी मेहनत और समर्पण से खेल जगत में भारत का नाम रोशन किया है।



राष्ट्रीय खेल पुरस्कार देश के सर्वोच्च खेल सम्मानों में शामिल हैं। इन पुरस्कारों के माध्यम से विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के साथ-साथ खेल प्रतिभाओं को निखारने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रशिक्षकों के प्रयासों को भी पहचान दी जाती है। राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार और ध्यानचंद पुरस्कार प्रमुख हैं। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार खिलाड़ियों को उनके असाधारण और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। वहीं, अर्जुन पुरस्कार लगातार बेहतर प्रदर्शन, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना का परिचय देने वाले खिलाड़ियों को प्रदान किया जाता है। इसके अलावा द्रोणाचार्य पुरस्कार उन प्रशिक्षकों को दिया जाता है, जिन्होंने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करने के लिए तैयार किया है। ध्यानचंद पुरस्कार खेलों के क्षेत्र में आजीवन योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित करने के लिए प्रदान किया जाता है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहनों के खातों में ट्रांसफर किए 1,831.77



भोपाल/ शिवपुरी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 नवंबर को शिवपुरी जिले के पिछोर पहुंचे। उन्होंने यहां मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 42वीं किस्त के तहत प्रदेश की 1 करोड़ 24 लाख 81 हजार 550 पात्र बहनों के बैंक खातों में 1,831 करोड़ 77 लाख से अधिक रुपये ट्रांसफर किए। साथ ही, उन्होंने रिमोट का बटन दबाकर स्व-सहायता समूहों को 200 करोड़ के ऋण का भी अंतरण किया। कार्यक्रम से पहले उन्होंने लाड़ली बहनों का पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 221 करोड़ की लागत के 121 विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमि-पूजन किया। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया।

# अपराध पर शाह का सख्त संदेश

## संगठित गिरोह और ड्रग्स तस्करी पर सीधी चोट, दिल्ली पुलिस को तेज कार्रवाई के निर्देश

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने दिल्ली पुलिस को ऐसे गिरोहों के खिलाफ कठोर और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शाह ने स्पष्ट किया कि राजधानी में संगठित अपराध और ड्रग्स तस्करी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में अपराध पर नियंत्रण, तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने और अपराधियों के



खिलाफ कार्रवाई तेज करने पर जोर दिया गया। पुलिस को केवल छोटे तस्करों तक सीमित रहने के बजाय पूरे नेटवर्क, इसके संचालकों और वित्तीय स्रोतों तक पहुंचने की रणनीति पर काम करने के निर्देश दिए गए। गृह मंत्री ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में तकनीक और खुफिया तंत्र के बेहतर इस्तेमाल पर भी जोर दिया। दिल्ली में नशीले पदार्थों के बढ़ते कारोबार को रोकना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। सरकार का संदेश साफ है-अपराध का नेटवर्क जितना बड़ा होगा, कार्रवाई भी उतनी ही सख्त होगी।

## जाकिर नाइक के संगठन पर फिर 5 साल का बैन

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने जाकिर नाइक के इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन पर लगा प्रतिबंध अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय ने 13 नवंबर को अधिसूचना जारी कर आईआरएफ को गैरकानूनी संगठन घोषित किया। यह कार्रवाईगैरकानूनीगतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत की गई है। मंत्रालय के मुताबिक, संगठन और उसके संस्थापक जाकिर नाइक पर धार्मिक समुदायों के बीच वैमनस्य और नफरत बढ़ाने वाले भाषणों तथा गतिविधियों के आरोप हैं।

# राहुल की मोदी को खुली चुनौती

## बोले-बहस हो जाए तो मोदी प्रधानमंत्री नहीं रह पाएंगे

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सार्वजनिक बहस की चुनौती दी है।**

### राहुल गांधी ने दावा किया कि

**नई दिल्ली। अगर प्रधानमंत्री उनके साथ आमने-सामने बहस करें तो वह उन्हें कई मुद्दों पर घेर सकते हैं और बहस के बाद नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं रह पाएंगे।**



राहुल गांधी ने यह बयान राजनीतिक मुद्दों पर प्रधानमंत्री से सीधी बहस की अपनी पुरानी मांग को दोहराते हुए दिया। उन्होंने सरकार की नीतियों और विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री पर निशाना साधा।

राहुल गांधी की चुनौती के बाद राजनीतिक गलियारों में बयानबाजी तेज होने की संभावना है। कांग्रेस इसे प्रधानमंत्री के सामने सीधे सवाल रखने का मुद्दा बता रही है, जबकि भाजपा की ओर से इस बयान पर पलटवार की उम्मीद है। अब सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राहुल गांधी की इस चुनौती को स्वीकार करेंगे या राजनीतिक मंचों पर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला ही आगे बढ़ेगा?

दैनिक
विश्वनाथ समाचार
इंदौर, शनिवार 14 नवम्बर 2026

# टीवी अभिनेत्रियों ने महाकालेश्वर की भस्म आरती में लिए दर्शन



उज्जैन। प्रसिद्ध टीवी अभिनेत्री ईशा सिंह, वनप्रीत कौर बग्गा (सोनिया अयोध्या), जिज्ञासा सिंह और मोनिका खन्ना ने ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर की प्रात :कालीन भस्म आरती में दर्शन लाभ लिए।

मंदिर विकास की बड़ी योजना में प्रथम पूज्य को जगह नहीं, समिति ने उठाए सवाल

# 1124 करोड़ की योजना, चिंतामण गणेश बाहर!

**विश्वनाथ समाचार**
www.vishwanathsamachar.com

**उज्जैन। महाकाल की नगरी में मंदिरों के विकास के लिए 1124 करोड़ रुपये की बड़ी योजना तैयार है, लेकिन इसी योजना में शहर के प्रमुख चिंतामण गणेश मंदिर को जगह नहीं मिलने से सवाल खड़े हो गए हैं।**

प्रथम पूज्य गणेश के प्राचीन मंदिर की अनदेखी से क्षेत्रवासियों और मंदिर विकास समिति में नाराजगी है।

समिति का कहना है कि चिंतामण गणेश मंदिर उज्जैन की धार्मिक पहचान का महत्वपूर्ण केंद्र है। ऐसे में करोड़ों रुपये की मंदिर विकास योजना में इसका शामिल नहीं होना समझ से परे है। क्षेत्रवासियों ने योजना की प्राथमिकताओं पर भी सवाल उठाए हैं। अब समिति ने इस मुद्दे को लेकर मोर्चा खोल दिया है। मांग उठ रही है कि योजना की समीक्षा कर चिंतामण गणेश मंदिर को भी विकास कार्यों में शामिल किया जाए।



**सवाल सीधा है**

**जब मंदिरों के विकास पर 1124 करोड़ खर्च होने हैं, तो प्रथम पूज्य के मंदिर की बारी आखिर क्यों नहीं आई?**

# कार्तिक-अगहन में पांच बार नगर भ्रमण पर निकलेंगे बाबा महाकाल, 7 दिसंबर को होगी राजसी सवारी

**22 नवंबर की रात 11 बजे निकलेगी हरिहर मिलन सवारी, अगले दिन भी नगर भ्रमण करेंगे भगवान; लगातार दो दिन श्रद्धालुओं को मिलेगा बाबा के दर्शन का सौभाग्य**



**विश्वनाथ समाचार**
www.vishwanathsamachar.com

उज्जैन। भगवान श्री महाकालेश्वर की भक्ति और आस्था से सराबोर उज्जैन नगरी में कार्तिक एवं अगहन (मार्गशीर्ष) माह के दौरान परंपरागत सवारियों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बाबा महाकाल चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में रजत पालकी में विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे और मार्ग में खड़े श्रद्धालुओं को दर्शन देकर आशीर्वाद प्रदान करेंगे। दोनों माह में निकलने वाली सवारियों को लेकर श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार सवारियों का क्रम भी खास रहने वाला है, क्योंकि 22 नवंबर की रात हरिहर मिलन की सवारी निकलेगी और अगले ही दिन 23 नवंबर को कार्तिक माह की दूसरी सवारी नगर भ्रमण पर निकलेगी। यानी श्रद्धालुओं को लगातार दो दिन बाबा महाकाल के नगर भ्रमण के दर्शन का अवसर मिलेगा।

16 नवंबर से शुरू होगा सवारियों का सिलसिला- मंदिर की परंपरा के अनुसार कार्तिक एवं अगहन माह में भगवान महाकालेश्वर की परंपरागत सवारियां निकाली जाएंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहली सवारी सोमवार, 16 नवंबर को निकलेगी। इसके बाद 23 नवंबर को दूसरी और 30 नवंबर को तीसरी सवारी नगर भ्रमण करेगी। वहीं 7 दिसंबर सोमवार को चौथी एवं राजसी सवारी निकाली जाएगी। राजसी सवारी को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहने की संभावना है।



22 नवंबर की रात 11 बजे होगा हरिहर मिलन- इस बार सवारी कार्यक्रम का सबसे खास आकर्षण 22 नवंबर को होने वाला हरिहर मिलन रहेगा। परंपरानुसार रविवार रात 11 बजे भगवान श्री महाकालेश्वर की हरिहर मिलन सवारी निकाली जाएगी। इस अवसर पर बाबा महाकाल मनमहेश स्वरूप में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। हरिहर मिलन की यह धार्मिक परंपरा भगवान शिव और भगवान विष्णु के मिलन का प्रतीक मानी जाती है। इसके अगले दिन सोमवार, 23 नवंबर को कार्तिक माह की दूसरी सवारी निकलेगी। इस तरह रविवार की मध्यरात्रि से लेकर सोमवार तक धर्म और आस्था का विशेष वातावरण रहेगा।

लगातार दो दिन सवारियों को लेकर विशेष इंतजाम- 22 और 23 नवंबर को लगातार दो दिन सवारियां निकलने के मद्देनजर मंदिर प्रबंध समिति और प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर विशेष व्यवस्थाएं जुटाने में लगे हैं। सवारी मार्ग पर सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और सुगम दर्शन को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके तहत मजिस्ट्रेट ड्यूटी, प्रचार-प्रसार वाहन, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, महाकाल ध्वज, चिकित्सा दल और रजत ढोल सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। मंदिर प्रबंध समिति का प्रयास है कि सवारी के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे व्यवस्थित तरीके से बाबा महाकाल के दर्शन कर सकें। समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित व्यवस्थाओं का पालन करें और सवारी के सुचारू संचालन में प्रशासन का सहयोग करें।


सवारियों का निर्धारित कार्यक्रम
प्रथम सवारी : सोमवार, 16 नवंबर 2026
हरिहर मिलन सवारी : रविवार, 22 नवंबर 2026, रात्रि 11 बजे
द्वितीय सवारी : सोमवार, 23 नवंबर 2026
तृतीय सवारी : सोमवार, 30 नवंबर 2026
चतुर्थ सवारी (राजसी सवारी) : सोमवार, 7 दिसंबर 2026

# पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने महाकालेश्वर की भस्म आरती में लिए दर्शन



उज्जैन। पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी सुरेश रैना ने ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर की प्रातःकालीन भस्म आरती में दर्शन लाभ लिए। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया ने सुरेश रैना का स्वागत और सत्कार किया।

# क्रिकेटर उमेश यादव ने महाकालेश्वर की भस्म आरती में लिए दर्शन



उज्जैन। प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी उमेश यादव ने ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर की प्रात :कालीन भस्म आरती में दर्शन लाभ लिए।

# स्वच्छता में उज्जैन को राष्ट्रीय सम्मान
# महाकाल का आशीर्वाद लिया





विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

उज्जैन। महाकाल की नगरी उज्जैन ने स्वच्छता के क्षेत्र में नवाचार और बेहतर प्रबंधन से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। मंदिरों के फूलों से अगरबत्ती-धूपबत्ती, पुराने कपड़ों से पेपर बैग और निर्माण मलबे से पेवर ब्लॉक बनाने जैसे नवाचारों के लिए 3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देश में उज्जैन को प्रथम पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर उज्जैन के जनप्रतिनिधियों ने महाकालेश्वर मंदिर में स्वच्छता कर्मचारियों का स्वागत और सम्मान किया। साथ ही ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उज्जैन-आलोट सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव और उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा उपस्थित रहे।

# श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में निर्माण कार्यों का प्रशासक कौशिक ने किया निरीक्षण

**निर्माण कार्यों की प्रगति का लिया जायजा, निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश**



विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

उज्जैन। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक द्वारा श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर के आंतरिक एवं बाहरी क्षेत्रों में सिंहस्थ महापर्व-2028 की तैयारियों एवं अन्य प्रस्तावित योजनाओं के अंतर्गत किए जा रहे निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण भ्रमण के दौरान श्री कौशिक द्वारा श्री महाकालेश्वर मंदिर चौराहा, गेट नंबर-1, अवंतिका द्वार, श्री महाकाल चौराहा, 24 खंबा माता मंदिर चौराहा, दूगड़ परिसर, रामघाट रोड, हरसिद्धि रोड, महाराजवाड़ा के समीप 30 मीटर मार्ग, विजिटर फैसिलिटी सेंटर-3, बड़ा गणेश मंदिर रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर प्रगतिरत निर्माण कार्यों की स्थिति एवं प्रगति का अवलोकन किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों से कार्यों की वर्तमान स्थिति एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी प्राप्त की गई। प्रशासक श्री कौशिक ने निर्देशित किया कि स्वीकृत प्रस्ताव एवं निर्धारित निर्माण कार्य योजना के अनुरूप सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा कार्यों के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था एवं आवागमन में किसी भी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराए जाएं, जिससे आगामी सिंहस्थ महापर्व-2028 के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जा सकें। प्रशासक महोदय द्वारा दर्शन व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं पेयजल आर ओ प्लांट का भी अवलोकन किया एवं मोबाइल लॉकर, शीघ्र दर्शन टिकट काउंटर, निःशुल्क जूता स्टैण्ड आदि कि क्षमता बढ़ाए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# सफाई मित्रों की मेहनत पर सवाल न उठाएं...

## स्वच्छता रैंकिंग पर बोले महापौर पुष्यमित्र भार्गव

इंदौर। स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणामों और पुरस्कार वितरण को लेकर हाल ही में उठे सवालों पर इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि इंदौर स्वच्छता के मामले में देश भर में आज भी नंबर-1 पर है और परिणामों का आधिकारिक डैशबोर्ड लॉन्च होने के बाद सारी स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी।

### 'वन सिटी वन अवार्ड' के कारण बदली प्रक्रिया

महापौर भार्गव ने बताया कि इस बार स्वच्छता जोड़ी कैटेगरी में इंदौर को देश भर में दूसरा स्थान मिला है, जिसमें देपालपुर (जो पिछले वर्ष 1710वें नंबर पर था) को देश भर में दूसरे नंबर पर लाने का कार्य किया गया है, जिससे एक मेंटर के रूप में इंदौर को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा रिकॉग्निशन मिला है।

# सांची दूध महंगा, किसान का भाव जस का तस

## दोहरी नीति पर भड़के किसान | 26 नवम्बर से अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी



अजय जैन
विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

इंदौर। सांची दुग्ध संघ की ओर से उपभोक्ताओं के लिए दूध के दाम में 4 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी के फैसले ने किसान और उपभोक्ता दोनों को नाराज कर दिया है। एक तरफ आम उपभोक्ता पर महंगाई का बोझ बढ़ाया जा रहा है, दूसरी तरफ दूध उत्पादक किसान आज भी लागत के अनुरूप भाव के लिए संघर्ष कर रहा है। इस दोहरी नीति के खिलाफ भारतीय किसान एवं मजदूर सेना ने सांची दुग्ध संघ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों को उचित दूध मूल्य नहीं दिया गया, तो 26 नवम्बर 2026 से सांची दुग्ध संघ मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

### बढ़ोतरी का लाभ किसे मिल रहा है

संगठन का कहना है कि जब उपभोक्ताओं से अधिक पैसा वसूला जा रहा है, तो उस बढ़ी हुई राशि का लाभ दूध उत्पादक किसानों को क्यों नहीं दिया जा रहा। यह सवाल अब हर गांव में उठ रहा है। किसान दिन-रात मेहनत कर पशुओं का पालन करता है। पशु आहार, खली, चारा, भूसा, दवाइयां, बिजली और मजदूरी पर खर्च लगातार बढ़ रहा है। इसके बावजूद किसान को उसकी लागत के अनुरूप दूध का मूल्य नहीं मिल रहा। दूसरी तरफ आम उपभोक्ता को भी महंगा दूध खरीदना पड़ रहा है। किसान और उपभोक्ता के बीच इस व्यवस्था का लाभ किसे मिल रहा है, इसका जवाब सांची दुग्ध संघ को देना होगा।



### 150 से अधिक गांवों में सौंपे जा चुके हैं ज्ञापन

भारतीय किसान एवं मजदूर सेना द्वारा पिछले कई महीनों से किसानों के हक की लड़ाई लड़ी जा रही है। संगठन के नेतृत्व में प्रदेश के 150 से अधिक गांवों की सांची दुग्ध डेयरियों पर ज्ञापन सौंपकर दूध का भाव 12 रुपये प्रति फैट करने की मांग की जा चुकी है। इसके बावजूद सांची दुग्ध संघ के अधिकारियों ने किसानों की मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया। किसानों की आवाज को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। संगठन का आरोप है कि सांची दुग्ध संघ किसानों की संस्था है, लेकिन आज उसी संस्था में दूध उत्पादक किसान अपने हक के लिए भटक रहे हैं और उपभोक्ताओं को महंगे दामों पर दूध खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

### अब केवल ज्ञापन से काम नहीं चलेगा

संगठन ने स्पष्ट किया है कि अब केवल ज्ञापन देने और आश्वासन सुनने से काम नहीं चलेगा। जब तक किसानों को 12 रुपये प्रति फैट के हिसाब से उचित दूध मूल्य देने की मांग पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### प्रदेश अध्यक्ष बबलू यादव ने कहा

भारतीय किसान एवं मजदूर सेना के प्रदेश अध्यक्ष बबलू यादव ने कहा कि सांची दुग्ध संघ किसानों के नाम पर संचालित संस्था है, लेकिन आज किसानों को ही अपने दूध के उचित भाव के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। 150 से अधिक गांवों में ज्ञापन देने के बावजूद किसानों को 12 रुपये प्रति फैट का भाव नहीं मिला।

अब उपभोक्ताओं पर 4 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी का बोझ डालना किसानों और आम जनता दोनों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि किसान और उपभोक्ता के अधिकारों के लिए है। सांची दुग्ध संघ को किसानों के साथ हो रहे इस अन्याय का जवाब देना होगा। 26 नवम्बर से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन होगा और जब तक किसानों को उनका अधिकार नहीं मिलेगा, आंदोलन पीछे नहीं हटेगा।

दैनिक विश्वनाथ समाचार
इंदौर, शनिवार 14 नवम्बर 2026

# महापर्व, खरना आज

## कल रविवार को डूबते सूर्य को दिया जाएगा पहला अर्घ्य

**नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ छठ चार दिवसीय पर्व में सूर्यदेव और छठी मैया की आराधना, खरना के प्रसाद के बाद शुरू होगा 36 घंटे का निर्जला व्रत; रविवार शाम संजय जलाशय और अन्य घाटों पर जुटेंगे श्रद्धालु**

**विश्वनाथ समाचार**
www.vishwanathsamachar.com

पीथमपुर। लोकआस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। पर्व को लेकर पीथमपुर में पूर्वांचल समाज के परिवारों में उत्साह और भक्ति का माहौल है। चार दिनों तक चलने वाले इस कठिन व्रत में श्रद्धालु शुद्धता, संयम और परंपरा के साथ सूर्यदेव एवं छठी मैया की आराधना करते हैं। शनिवार को पर्व का दूसरा दिन खरना मनाया जाएगा। व्रती दिनभर उपवास रखकर शाम को पूजा-अर्चना के बाद खरना का प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके साथ ही लगभग 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा।

### नहाय-खाय से शुरू हुई शुद्धता और संयम की परंपरा

छठ महापर्व के पहले दिन नहाय-खाय पर व्रत करने वाले श्रद्धालुओं ने स्नान कर घरों की साफ-सफाई की और शुद्धता के साथ सात्विक भोजन तैयार



किया। परंपरा के अनुसार इस दिन कद्दू-भात, चने की दाल और अन्य सात्विक व्यंजन ग्रहण किए जाते हैं। इसके साथ ही घरों में छठ पूजा की तैयारियां शुरू हो गईं। पूजा में उपयोग होने वाली सामग्री, फल, बांस के सूप और दउरा की व्यवस्था की जा रही है।

### आज खरना, प्रसाद ग्रहण करने के बाद शुरू होगा निर्जला व्रत

आज छठ महापर्व का दूसरा दिन खरना है। इस दिन व्रती पूरे दिन उपवास रखते हैं और शाम को पूजा-अर्चना के बाद गुड़ की खीर, रोटी सहित पारंपरिक प्रसाद तैयार कर ग्रहण करते हैं। खरना का प्रसाद परिवार के सदस्यों और परिचितो में भी वितरित किया जाता है। इस प्रसाद को ग्रहण करने के बाद व्रती लगभग 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू करते हैं। इस दौरान अन्न और जल दोनों का त्याग किया जाता है।

कल डूबते सूर्य को देंगे पहला अर्घ्य

रविवार 15 नवंबर को छठ महापर्व का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव संध्या अर्घ्य होगा। इस दिन शाम को व्रती परिवार के सदस्यों के साथ पूजा की सामग्री लेकर जलाशयों और घाटों पर पहुंचेंगे। बांस के सूप और दउरा में ठेकुआ, फल, नारियल, गन्ना सहित पारंपरिक प्रसाद सजाया जाएगा। जल में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके बाद सोमवार 16 नवंबर की सुबह उगते सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इसी के साथ व्रत का पारण होगा।

### प्रकृति और सूर्य के प्रति कृतज्ञता का पर्व

छठ पूजा की सबसे खास बात यह है कि इसमें सूर्यदेव की उपासना खुले आसमान के नीचे जलाशयों के किनारे की जाती है। इस पर्व में डूबते और उगते, दोनों सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। बांस के सूप, मिट्टी के चूल्हे पर तैयार प्रसाद, ठेकुआ और पारंपरिक लोकगीत इस पर्व की सांस्कृतिक पहचान हैं। छठ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि परिवार, समाज और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने की परंपरा भी है। पीथमपुर में रहने वाले पूर्वांचल के परिवारों के लिए यह पर्व अपनी मातृभूमि, संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का विशेष अवसर भी बनता है।

# अपराधिक गतिविधियों संलिप्त 10 आरोपियों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई

## कलेक्टर वर्मा ने छह माह के लिए जिला बदर करने के जारी किए आदेश

**विश्वनाथ समाचार**
www.vishwanathsamachar.com

इंदौर। जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आपराधिक गतिविधियों में लगातार संलिप्त रहने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा ने इंदौर जिले के ग्रामीण थाना क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 10 आरोपियों के विरुद्ध छह माह के लिए जिला बदर की कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना महू क्षेत्र के पांच आरोपियों संजू उर्फ संजय उर्फ तात्य पिता मन्नूलाल उर्फ मुन्नालाल बोरासी, फरीद पिता मोहम्मद अफजल, राहुल पिता भूरा सोनकर, अभिषेक उर्फ अम्मू उर्फ अमन उर्फ अमित तथा शाहबाज उर्फ साहिल उर्फ भण्डारी को जिला बदर किया गया है। इसी तरह थाना देपालपुर क्षेत्र के मुकेश पिता मांगीलाल सिंगाड़, थाना बढ़गोंदा क्षेत्र के महेश पिता ज्ञानसिंह तथा थाना किशनगंज क्षेत्र के हारिश पटेल, इकराम उल हक उर्फ गोल्डन एवं शाकिर पटेल के विरुद्ध भी जिला बदर की कार्रवाई की गई है।

इन आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास, मारपीट, आमजन को अश्लील गालियां देने, जान से मारने की धमकी देने, अवैध हथियार रखने, अवैध शराब का विक्रय करने, चोरी, अवैध वसूली, घरों में घुसकर मारपीट करने, महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने तथा शासकीय कार्यों में बाधा डालने सहित विभिन्न गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उल्लेखनीय है कि संबंधित आरोपियों के विरुद्ध वर्ष 1995 से लेकर वर्ष 2024 तक लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने के प्रकरण दर्ज हैं। इनमें एक आरोपी के विरुद्ध 46 तथा दूसरे आरोपी के विरुद्ध 27 अपराध दर्ज होना सामने आया है। सभी 10 आरोपियों के विरुद्ध कुल 135 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक एवं वैधानिक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# कारखानों के शहर पीथमपुर से निकल रहे चैंपियन

## किसी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर बनाई पहचान तो किसी ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीते पदक

**बाल दिवस विशेष**



**अभिषेक खंडेलवाल**
**विश्वनाथ समाचार**
www.vishwanathsamachar.com

**खेल के मैदान से लेकर शिक्षा तक अपनी प्रतिभा का दम दिखा रहे शहर के बच्चे, अंजली सिंह ने एशियन गेम्स में किया भारत का प्रतिनिधित्व तो विद्वान गोरसामी ने कराटे में जीते दो पदक**

पीथमपुर। पीथमपुर की पहचान देश के बड़े औद्योगिक क्षेत्रों में होती है। यहां बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां, उद्योग और रोजगार की संभावनाएं हैं, लेकिन इस औद्योगिक शहर की एक और पहचान भी है। यहां के बच्चे खेल, शिक्षा और अन्य गतिविधियों में अपनी प्रतिभा के दम पर आगे बढ़ रहे हैं। किसी ने बॉक्सिंग के रिंग में अपनी मेहनत से राष्ट्रीय पहचान बनाई तो किसी ने कराटे में पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया। बाल दिवस के अवसर पर ऐसे ही होनहार बच्चों की उपलब्धियां सामने लाना जरूरी है, जिनकी मेहनत यह बताती है कि प्रतिभा किसी बड़े शहर की मोहताज नहीं होती।

**अंजली सिंह**

### एशियन गेम्स तक का सफर

पीथमपुर निवासी बॉक्सर अंजली सिंह ने खेल के क्षेत्र में शहर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। अंजली को अंडर-19 एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला था। वह इससे पहले दो बार नेशनल यूथ बॉक्सिंग गर्ल्स चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी थीं। अंजली ने पीथमपुर के कैंब्रिज स्कूल में नर्सरी से आठवीं तक पढ़ाई की। स्कूल के दौरान ही उनकी खेल प्रतिभा सामने आई और आगे चलकर वह खेल अकादमी तक पहुंचीं। उनकी उपलब्धि यह संदेश देती है कि छोटे शहरों से भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो सकते हैं।

**विद्वान गौरसामी**

### कराटे में एक प्रतियोगिता, दो पदक

पीथमपुर के ब्लॉसम हाइट्स पब्लिक स्कूल के छात्र विद्वान गोरसामी ने कराटे में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। उन्होंने कन्याकुमारी में आयोजित 22वीं राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में काता स्पर्धा में स्वर्ण और कुमिते स्पर्धा में रजत पदक जीता। एक ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दो अलग-अलग स्पर्धाओं में पदक जीतना उनकी मेहनत और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। उनकी उपलब्धि पीथमपुर के उन बच्चों के लिए प्रेरणा है, जो खेल को अपना भविष्य बनाना चाहते हैं।

### प्रतिभा को मिले अवसर तो बढ़ेगा पीथमपुर का गौरव

अंजली और विद्वान की उपलब्धियां केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं हैं, बल्कि औद्योगिक शहर पीथमपुर में मौजूद प्रतिभा की झलक भी हैं। ऐसे बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण, खेल सुविधाएं, आर्थिक सहयोग और आगे बढ़ने के अवसर मिलें तो वे राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं। बाल दिवस पर इन बच्चों की सफलता के साथ यह संदेश भी महत्वपूर्ण है कि हर बच्चे को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। किसी बच्चे का सपना खिलाड़ी बनने का है तो किसी का वैज्ञानिक, कलाकार या अधिकारी बनने का। जरूरत है परिवार, स्कूल और समाज के सहयोग की, ताकि पीथमपुर की अगली पीढ़ी अपने सपनों को हकीकत में बदल सके।






अंजली सिंह



विद्वान गौरसामी

Happy Children's Day

# पानी की बर्बादी और सफाई में लापरवाही पर आयुक्त का सख्त एक्शन, अधिकारियों-कर्मचारियों पर गिरी गाज

**नलों में टोटियां नहीं मिलने पर जोनल अधिकारी और उपयंत्री का वेतन काटने के निर्देश, नियंत्रणकर्ता अधिकारी पर भी कार्रवाई; कचरा जलने और सफाई में कोताही पर सीएसआई का वेतन काटा, दरोगा निलंबित और एक की सेवा समाप्त**

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

इंदौर। शहर में जल संरक्षण और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर नगर निगम ने अब लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है। आयुक्त क्षितिज सिंघल के मैदानी निरीक्षण में एक ओर सार्वजनिक नलों से पानी व्यर्थ बहता मिला तो दूसरी ओर कई क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था की बदहाल तस्वीर सामने आई। कहीं नलों में टोटियां और वाल्व गायब मिले तो कहीं कचरा जलता हुआ और जगह-जगह कचरे के पॉइंट बने पाए गए। इन अनियमितताओं पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन में कटौती से लेकर निलंबन और सेवा समाप्ति तक के निर्देश जारी कर दिए।



### नलों से पानी की बर्बादी पर अधिकारियों की जवाबदेही तय

आयुक्त ने जोन क्रमांक 12 के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई स्थानों पर सार्वजनिक नलों में टोटियां अथवा वाल्व नहीं लगे मिले, जिसके कारण पानी लगातार व्यर्थ बह रहा था। इस स्थिति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने तत्काल सभी नलों पर टोटियां और वाल्व लगाने तथा पानी की बर्बादी रोकने के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 62 में नलों पर टोटियां नहीं होने के मामले में जोनल अधिकारी राहुल सूर्यवंशी का एक दिन का तथा वार्ड के उपयंत्री सौरभ सोमैया का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। वहीं निरीक्षण के दौरान नियंत्रणकर्ता अधिकारी राहुल सूर्यवंशी के फील्ड में अनुपस्थित पाए जाने पर उनके दो दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए गए।

आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि एक ओर नगर निगम शहरवासियों को नियमित जलापूर्ति उपलब्ध कराने के लिए संसाधन और व्यवस्थाएं जुटा रहा है, वहीं दूसरी ओर टोटियों के अभाव में हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह जाना गंभीर लापरवाही है। जल संरक्षण के मामले में किसी भी स्तर पर उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी वार्डों में अभियान चलाकर सार्वजनिक नलों का सर्वे कराने, जहां टोटियां अथवा वाल्व नहीं हैं वहां तत्काल लगाने और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि भविष्य में पानी की बर्बादी पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### कचरा जलता मिला, सफाई में लापरवाही पर वेतन कटौती

जल संरक्षण के साथ आयुक्त ने शहर के प्रमुख मार्गों और क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान हरसिद्धि, लोहा मंडी, कलेक्ट्रेट, एमवायएच चौराहा, जीपीओ, एबी रोड, गीताभवन, विजय नगर और रिंग रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया गया। जोन क्रमांक 22 में कचरा जलता हुआ पाए जाने और सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर सीएसआई धीरेंद्र चौहान का एक दिन तथा संबंधित दरोगा का पांच दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार जोन क्रमांक 12 के वार्ड 62 में कचरे के पॉइंट बने होने पर दरोगा नवीन पंचवाल को निलंबित करने के निर्देश दिए गए। वहीं वार्ड क्रमांक 31 में तैनात मस्टरकर्मी दरोगा रजत हाड़े की सेवा समाप्त करने के निर्देश जारी किए गए।

### भमोरी में भी कार्रवाई, रिमूवल अमले पर गिरी गाज

जोन क्रमांक 7 के वार्ड 29 स्थित भमोरी मैकेनिक नगर में निरीक्षण के दौरान आसपास की सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिली। इस पर सीएसआई अनिल सिरसिया और दरोगा राकेश मदनलाल का तीन-तीन दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। क्षेत्र में जगह-जगह बैनर और पोस्टर लगे होने पर भी आयुक्त ने नाराजगी जताई। इस लापरवाही के चलते रिमूवल प्रभारी और रिमूवल दल प्रभारी का तीन-तीन दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए।

### मैदानी निगरानी में ढिलाई नहीं चलेगी

आयुक्त के निरीक्षण और त्वरित कार्रवाई से निगम के मैदानी अमले में स्पष्ट संदेश गया है कि जल संरक्षण, स्वच्छता और सार्वजनिक व्यवस्थाओं के रखरखाव में किसी भी तरह की लापरवाही अब भारी पड़ सकती है। अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करने और शिकायतों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। निगम का फोकस अब केवल सफाई और जलापूर्ति की व्यवस्था संचालित करने तक सीमित नहीं, बल्कि मैदानी स्तर पर उसकी प्रभावी मॉनिटरिंग और जवाबदेही तय करने पर भी है।

# सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाकर सब्जी मंडी का एकमात्र प्रसाधन घर किया धराशायी

**फुटकर व्यापारियों और महिला विक्रेताओं में आक्रोश, नगर परिषद अधिकारी को सौंपा ज्ञापन; उसी स्थान पर नए निर्माण की मांग**



जीवन डोडिया
विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

देपालपुर। नगर के मध्य स्थित सब्जी मंडी परिसर में आमजन की सुविधा के लिए निर्मित एकमात्र सार्वजनिक प्रसाधन घर को अज्ञात कारणों से तोड़कर धराशायी कर दिया गया। सार्वजनिक उपयोग की इस सुविधा को समाप्त किए जाने से जहां सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचने का मामला सामने आया है, वहीं मंडी में प्रतिदिन कारोबार करने वाले फुटकर व्यापारियों, ग्राहकों और विशेषकर महिला सब्जी विक्रेताओं के सामने गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। गौरतलब है कि सब्जी मंडी में बड़ी संख्या में फुटकर व्यापारी, तंबू-डेरे लगाकर व्यवसाय करने वाले छोटे दुकानदार और महिला विक्रेता प्रतिदिन सुबह से शाम तक मौजूद रहते हैं। मंडी परिसर में पहले से ही शौचालय एवं प्रसाधन घर की कोई अन्य वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। ऐसे में एकमात्र प्रसाधन घर को तोड़े जाने से व्यापारियों और महिलाओं को प्राकृतिक आवश्यकताओं के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर महिला विक्रेताओं के लिए यह स्थिति असुविधाजनक होने के साथ ही उनकी गरिमा और बुनियादी सुविधा से जुड़ा गंभीर विषय बन गई है। इस समस्या को लेकर मंडी के फुटकर व्यापारियों और महिला विक्रेताओं में खासा आक्रोश देखने को मिला। सभी ने एकजुट होकर नगर परिषद अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और मंडी परिसर में सार्वजनिक सुविधा को तत्काल बहाल करने की मांग उठाई। ज्ञापन में मांग की गई कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाकर सार्वजनिक उपयोग के प्रसाधन घर को ध्वस्त





करने के मामले की जांच कराई जाए तथा इसके लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। व्यापारियों ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि सब्जी मंडी शहर का प्रमुख व्यावसायिक स्थल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में व्यापारी, महिलाएं और ग्राहक पहुंचते हैं। ऐसे सार्वजनिक स्थान पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव होना उचित नहीं है। उन्होंने मांग की कि आमजन की आवश्यकता और महिला विक्रेताओं की परेशानियों को प्राथमिकता देते हुए उसी स्थान पर तत्काल नए प्रसाधन घर का निर्माण कराया जाए, ताकि मंडी में काम करने वाले लोगों को राहत मिल सके। अब देखना यह होगा कि नगर परिषद प्रशासन इस गंभीर समस्या को कितनी तत्परता से संज्ञान में लेकर सार्वजनिक सुविधा की बहाली और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में आवश्यक कार्रवाई करता है।

# देपालपुर में खाटू श्याम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा प्रथम वार्षिक महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन

**आज 14 नवम्बर से शुरू होगा उत्सव**

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

**देपालपुर। देपालपुर नरेश खाटू श्याम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा प्रथम वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय महोत्सव 14 नवम्बर से 16 नवम्बर तक शांति विहार कॉलोनी, देपालपुर में होगा।**

आयोजन को लेकर श्याम सेवा मित्र मंडल समिति ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। महोत्सव का शुभारंभ 14 नवम्बर, शनिवार को शोभा यात्रा से होगा। शोभा यात्रा सुबह 09 बजे शांति विहार कॉलोनी से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर भ्रमण करेगी। शोभा यात्रा में देपालपुर सहित आसपास के



क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। महोत्सव के दूसरे दिन 15 नवम्बर, रविवार को सुबह 07 बजे से एक दिवसीय यज्ञ का आयोजन होगा। यज्ञ यज्ञाचार्य पंडित के सानिध्य में संपन्न होगा। इसी दिन शाम 07 बजे से श्याम कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कीर्तन में प्रसिद्ध भजन प्रवाहक भक्ति भजनों की प्रस्तुति देंगे। कीर्तन के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्ति रस में डूबा रहेगा। महोत्सव का मुख्य आयोजन 16 नवम्बर, सोमवार को होगा।

इस दिन शाम 05 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। नगर भोज के रूप में आयोजित इस भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है।

दैनिक विश्वनाथ समाचार
इंदौर, शनिवार 14 नवम्बर 2026





# विधानसभा क्षेत्र एक में लगा मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर

## नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण

**विश्वनाथ समाचार**
www.vishwanathsamachar.com

इंदौर। मुख्यमंत्री मोहन यादव की पहल पर शुरू हुए मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 के तहत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-एक में जिंसी हाट बाजार स्थित जोन कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ दिया। साथ ही लंबित आवेदनों और शिकायतों का मौके पर निराकरण किया गया। शिविर में कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार और रिंकेश वैश्य सहित पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, सुदर्शन गुप्ता, महापौर परिषद के सदस्य निरंजन सिंह चौहान, पार्षदगण और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### शैक्षणिक संस्थाओं का निरीक्षण, विद्यार्थियों से संवाद

शिविर के दौरान अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से शारदा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और सुभाष नगर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों से संवाद कर विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। विद्यार्थियों के भविष्य के लक्ष्य, रुचि और कैरियर संबंधी आकांक्षाओं पर चर्चा की गई। शारदा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। सुभाष नगर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की मांग पर विद्यालय में पर्याप्त साफ-सफाई, सुरक्षा और पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

### उद्यमी संवाद में निवेश के माहौल पर चर्चा

अभियान के अंतर्गत उद्यमी संवाद का भी आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय उद्यमी कल्पेश मेहता, प्रयाग दवे, राजेन्द्र मित्तल और प्रतीक मांडलिक ने अपने अनुभव साझा किए। प्रदेश में औद्योगिक विकास और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। उद्यमियों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक हितैषी योजनाओं और नीतियों के चलते निवेश के लिए बेहतर वातावरण बना है। प्रदेश में औद्योगिक निवेश तेजी से बढ़ रहा है और उद्यमी नई-नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य शासकीय सेवाओं को अधिक सुलभ, सरल और नागरिक केंद्रित बनाना, आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण करना तथा शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इंदौर जिले में शिविर आयोजन का सिलसिला लगातार जारी है। प्रत्येक शुक्रवार को शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

# सीवर लाइन में गंदा पानी और प्लास्टिक छोड़ने पर दो उद्योगों पर कार्रवाई, 30 हजार का जुर्माना

**नगर निगम की टीम ने औद्योगिक क्षेत्र में ETP लाइन का किया निरीक्षण, आरके इंडस्ट्रीज पर 10 हजार और जे.डी. मैन्युफैक्चरिंग पर 20 हजार की चालानी कार्रवाई**

इंदौर। औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले अपशिष्ट के अनुचित निस्तारण और सीवर लाइनों में प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ नगर निगम ने सख्ती शुरू कर दी है। बिना ट्रीटमेंट किए गंदा पानी और प्लास्टिक सहित अन्य अपशिष्ट सीधे सीवर लाइन में छोड़ने के मामले में निगम की टीम ने दो उद्योगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर नगर निगम द्वारा शहर के औद्योगिक क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण और सीवर व्यवस्था को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जोन क्रमांक 17 के वार्ड 18 एवं 19 स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में ETP लाइन का मुख्यालय और जोनल कार्यालय की संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया।

### निरीक्षण के दौरान

सामने आया कि कुछ औद्योगिक इकाइयां अपशिष्ट जल का उचित ट्रीटमेंट किए बिना ही उसे सीधे लाइन में छोड़ रही हैं। इतना ही नहीं, प्लास्टिक सहित अन्य ठोस अपशिष्ट भी सीवर लाइन में प्रवाहित किया जा रहा था। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए निगम की टीम ने तत्काल कार्रवाई की। कार्रवाई के तहत आरके इंडस्ट्रीज पर 10 हजार रुपये और जे.डी. मैन्युफैक्चरिंग पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। दोनों उद्योगों पर कुल 30 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई की गई।

### नियमों की अनदेखी पर होगी सख्ती

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि औद्योगिक क्षेत्रों में ETP और सीवर लाइनों की निगरानी लगातार जारी रहेगी। अपशिष्ट जल का बिना ट्रीटमेंट निस्तारण करने अथवा प्लास्टिक और अन्य ठोस कचरा सीवर लाइन में डालने वाले उद्योगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निगम ने उद्योग संचालकों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित मानकों के अनुरूप अपशिष्ट जल का ट्रीटमेंट करने के बाद ही उसका निस्तारण करें। साथ ही प्लास्टिक एवं अन्य ठोस अपशिष्ट का उचित तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि सीवर लाइन में अवरोध और पर्यावरण प्रदूषण की स्थिति निर्मित न हो।

# मास्टर प्लान की सड़कों के निर्माण में आएगी तेजी, समय सीमा तय

**लक्ष्मीबाई प्रतिमा से जिंसी तक 15 दिसंबर और जिंसी से नेमिनाथ चौराहे तक 31 दिसंबर तक पूरा होगा कैरेजवे का काम**



इंदौर। शहर में मास्टर प्लान के तहत निर्माणाधीन सड़कों को लेकर नगर निगम ने काम में तेजी लाने की कवायद शुरू कर दी है। इसी क्रम में निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने शुक्रवार को निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़कों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को निर्धारित समय सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने लक्ष्मीबाई प्रतिमा चौराहे से जिंसी तक बन रहे कैरेजवे का कार्य 15 दिसंबर तक पूरा करने की समय सीमा तय की। वहीं जिंसी चौराहे से नेमिनाथ चौराहे तक कैरेजवे का निर्माण 31 दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोनों मार्गों पर तय समय सीमा में काम पूरा कर यातायात शुरू कराया जाए, ताकि नागरिकों को आवागमन में राहत मिल सके।

एक सड़क का काम पूरा होते ही दूसरे हिस्से पर शुरू होगा निर्माण

नगर निगम की योजना के अनुसार लक्ष्मीबाई प्रतिमा से नेमिनाथ चौराहे तक कैरेजवे पर यातायात शुरू होने के बाद अगले चरण में कण्डीलपुरा से इंदौर वायर फैक्ट्री चौराहे तक मास्टर प्लान सड़क का निर्माण शुरू किया जाएगा। इस तरह चरणबद्ध तरीके से सड़क निर्माण को आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे यातायात व्यवस्था को प्रभावित किए बिना मास्टर प्लान की सड़कों का काम पूरा किया जा सके। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, कार्यपालन यंत्री पीएस कुशवाहा, सहायक यंत्री नरेश जायसवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बी-पैक्स सागौर में आयुक्त सहकारिता का जनसंवाद

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायत का मौके पर हुआ निराकरण



जीवन डोडिया
विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

धार। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, मध्यप्रदेश, भोपाल दीपक सिंह ने बी-पैक्स सागौर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में आयुक्त ने संस्था के कृषक सदस्यों से सीधे संवाद किया। उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण के निर्देश दिए। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपायुक्त सहकारिता वर्षा, पूर्व संस्था अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह चौधरी, बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के. के. रायकवार, प्रभारी शाखा प्रबंधक नेहा वर्मा तथा संस्था प्रबंधक सागौर एवं बक्साना ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आयुक्त का स्वागत और अभिनंदन किया। जनसंवाद के दौरान आयुक्त ने सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ता दुल्लेसिंह रघुवंशी से सीधे संवाद कर समस्या



की जानकारी ली। शिकायतकर्ता ने खाद उपलब्ध होने से संबंधित समस्या बताई। इस पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही की गई और शिकायत का संतुष्टिपूर्वक निराकरण उपलब्ध कराया गया। जनसंवाद के माध्यम से शिकायत का मौके पर ही संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया गया। जनसंवाद के बाद आयुक्त ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित धार की सागौर शाखा का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राहकों को उपलब्ध कराई जा रही बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान एनईएफटी, आरटीजीएस, इंटरनेट व्यू फैसिलिटी, माइक्रो एटीएम एवं मर्चेंट क्यूआर कोड जैसी डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इन सुविधाओं के माध्यम से ग्राहकों को सीबीएस एवं अन्य बैंकिंग सेवाओं का लाभ समयबद्ध एवं त्वरित रूप से प्राप्त हो रहा है। बी-पैक्स संस्था के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने संस्था की कार्यप्रणाली एवं अभिलेखों के संधारण की समीक्षा की।

उन्होंने संस्था के रिकॉर्ड को व्यवस्थित एवं अद्यतन रखने, किसानों को रासायनिक उर्वरक समय पर उपलब्ध कराने तथा संस्था परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उचित मूल्य की दुकान के निरीक्षण के दौरान उपभोक्ताओं को निर्धारित समय पर खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर संस्था सागौर एवं बक्साना के कृषक सदस्य, पूर्व संस्था अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह चौधरी, बैंक प्रशासक / उपायुक्त सहकारिता वर्षा, बैंक मुख्य कार्यपालन अधिकारी के. के. रायकवार, स्थापना अधिकारी सुरेशचन्द्र पाटीदार, योजना एवं विकास प्रभारी अंकित परमार, प्रभारी शाखा प्रबंधक नेहा वर्मा, संस्था प्रबंधक सागौर एवं बक्साना सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीजल 50 बढ़ना था, सिर्फ 7 बढ़ाया: मोदी

### पीएम बोले- किसानों पर पूरा बोझ नहीं डाला, सरकार हर महीने 14 हजार करोड़ रुपये का भार उठा रही

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया। ऐसे समय में डीजल की कीमत करीब 50 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ाने की जरूरत थी, लेकिन सरकार ने किसानों और आम लोगों पर पूरा बोझ नहीं डाला और बढ़ोतरी को सिर्फ 7 रुपये प्रति लीटर तक सीमित रखा। मोदी के मुताबिक,



बाकी 43 रुपये का भार सरकार ने उठाया। उन्होंने कहा कि इस फैसले के कारण सरकार पर हर महीने करीब 14 हजार करोड़ रुपये का वित्तीय बोझ पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पड़ोसी देशों में इसी अवधि में डीजल की कीमतें 40 से 50 प्रतिशत तक बढ़ीं, जबकि भारत में बढ़ोतरी सीमित रखी गई। मोदी ने कहा कि सस्ती खाद उपलब्ध कराने के लिए भी सरकार लगातार बड़ा खर्च कर रही है।

# हुआंग की दौलत में 60 हजार करोड़ की गिरावट



एनवीडिया के प्रमुख जेनसेन हुआंग को इस्तीफे की खबर के बाद बड़ा वित्तीय झटका लगा। अमेरिकी शेयर बाजार में कंपनी के शेयरों में भारी बिकवाली के चलते हुआंग की निजी संपत्ति में करीब 60 हजार करोड़ रुपये की कमी बताई जा रही है। गिरावट के दौरान एनवीडिया का शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर तक पहुंच गया।

हुआंग की संपत्ति का बड़ा हिस्सा एनवीडिया में उनकी हिस्सेदारी से जुड़ा है। ऐसे में कंपनी के शेयर में गिरावट का सीधा असर उनकी कुल संपत्ति के बाजार मूल्य पर पड़ता है। हालांकि, 60 हजार करोड़ रुपये की यह कमी नकद नुकसान नहीं है। यह शेयरों की कीमत घटने से उनकी हिस्सेदारी के बाजार मूल्य में आई गिरावट है। एनवीडिया के शेयरों में आगे भी उतार-चढ़ाव रहा तो हुआंग की संपत्ति का आंकड़ा तेजी से बदल सकता है।

# नोएल टाटा ने उम्र के कारण बोर्ड से हटने का फैसला किया, अब नई जिम्मेदारी संभालेंगे टी.वी. नरेंद्रन

## नरेंद्रन बने टाटा इंटरनेशनल के चेयरमैन

टाटा समूह की कंपनी टाटा इंटरनेशनल में नेतृत्व परिवर्तन हुआ है। टी.वी. नरेंद्रन को कंपनी का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वह नोएल टाटा की जगह यह जिम्मेदारी संभालेंगे। नोएल टाटा ने उम्र संबंधी कारणों का हवाला देते हुए बोर्ड से हटने का फैसला किया है।

**टी.वी. नरेंद्रन टाटा समूह में लंबे समय से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं**

वह टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रह चुके हैं और समूह के कारोबार की गहरी समझ रखते हैं। टाटा इंटरनेशनल



समूह के वैश्विक कारोबार और विभिन्न क्षेत्रों में निवेश से जुड़ी महत्वपूर्ण कंपनी है। ऐसे में नरेंद्रन की नियुक्ति को कंपनी के लिए अहम नेतृत्व बदलाव माना जा रहा है। अब उनकी प्राथमिकता कारोबार को मजबूत करने के साथ वैश्विक बाजार में कंपनी की स्थिति को और बेहतर बनाना होगी।

# UNICEF- Meta रिश्तों पर जांच की मांग

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ और मेटा के बीच कथित वित्तीय संबंधों को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को पत्र भेजकर इस मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में यूनिसेफ की 2024 और 2025 की वार्षिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि मेटा को उसके कॉरपोरेट साझेदारों में शामिल किया गया है। सवाल यह है कि मेटा से मिलने वाली आर्थिक सहायता का इस्तेमाल किस तरह और किन कार्यक्रमों में किया जा रहा है। यह मामला इसलिए भी संवेदनशील है क्योंकि मेटा के मंचों पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री को लेकर जांच और गंभीर आरोप सामने आए हैं।

दैनिक
विश्वनाथ समाचार



## 150 चेहरों को मिल सकती है जिम्मेदारी

# मध्यप्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियों की उल्टी गिनती शुरू

## मोहन यादव के जर्मनी-ब्रिटेन दौरे से पहले बड़े ऐलान की संभावना, निगम-मंडलों से लेकर आयोगों तक खाली पदों पर संगठन



संदीप परमार (सेन)
प्रधान संपादक-9755161156
विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com



भोपाल। मध्यप्रदेश भाजपा में लंबे समय से सत्ता में भागीदारी का इंतजार कर रहे नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए जल्द खुशखबरी आ सकती है। प्रदेश की राजनीति में निगम-मंडलों, आयोगों, बोर्डों और विकास प्राधिकरणों में नियुक्तियों को लेकर एक बार फिर गतिविधियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगामी 23 नवंबर से प्रस्तावित ब्रिटेन और जर्मनी दौरे को देखते हुए राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि विदेश रवाना होने से पहले सरकार कुछ नियुक्तियों पर मुहर लगा सकती है। वहीं शेष पदों के लिए नामों पर संगठन के स्तर पर सहमति बनाने की तैयारी है। सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश में डेढ़ दर्जन से अधिक सरकारी संस्थानों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और अन्य महत्वपूर्ण पद रिक्त हैं। इन पदों के माध्यम से लगभग 150 भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को सरकार में जिम्मेदारी दिए जाने की संभावना जताई जा रही है। पार्टी के भीतर इन नियुक्तियों को लेकर दावेदारी का दौर भी काफी समय से चल रहा है। ऐसे में सरकार के सामने योग्य और सक्रिय कार्यकर्ताओं को अवसर देने के साथ ही क्षेत्रीय तथा राजनीतिक समीकरणों में संतुलन कायम रखने की चुनौती होगी।

### सरकार बनने के बाद से टिकी हैं निगाहें

प्रदेश में भाजपा की सत्ता में वापसी के बाद से ही संगठन से जुड़े नेताओं को निगम-मंडलों और विभिन्न सरकारी संस्थाओं में जिम्मेदारी मिलने की उम्मीद थी। हालांकि राजनीतिक और संगठनात्मक कारणों से यह प्रक्रिया लंबी खिंचती चली गई। अब सरकार के कार्यकाल में काफी समय गुजरने के बाद इन नियुक्तियों को लेकर फिर उम्मीदें बढ़ी हैं। भोपाल, इंदौर, कटनी, बुंदेलखंड और महाकौशल क्षेत्र के विकास प्राधिकरणों सहित कई महत्वपूर्ण संस्थाओं में पद खाली पड़े हैं। इसके अलावा राज्य कोल जनजाति विकास प्राधिकरण, राज्य योजना आयोग, कृषक आयोग, सफाई कर्मचारी आयोग और वरिष्ठ नागरिक कल्याण आयोग जैसे संस्थानों में भी राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जाना बाकी है।

### खनिज से पर्यटन तक, कई निगमों में होगी ताजपोशी

नियुक्तियों की संभावित सूची में कई ऐसे निगम शामिल हैं, जिनका राजनीतिक और प्रशासनिक महत्व काफी अधिक है। इनमें मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम, ऊर्जा विकास निगम, पर्यटन विकास निगम और एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन प्रमुख हैं। इसी तरह मदरसा बोर्ड, असंगठित कामगार बोर्ड, समाज कल्याण बोर्ड, राज्य हज कमेटी और व्यापार संवर्धन बोर्ड में भी अध्यक्ष एवं अन्य पदों पर नियुक्तियां प्रस्तावित हैं। इन संस्थाओं में पार्टी से जुड़े नेताओं को जिम्मेदारी देकर सरकार उन कार्यकर्ताओं को भी प्रतिनिधित्व दे सकती है, जो लंबे समय से संगठन के लिए काम कर रहे हैं और चुनावी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।

### मुख्यमंत्री और संगठन के बीच नामों पर कवायद

राजनीतिक नियुक्तियों की प्रक्रिया में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ प्रदेश भाजपा संगठन की भूमिका अहम मानी जा रही है। मुख्यमंत्री की मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल के साथ इस विषय पर चर्चा होने की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और संगठन महामंत्री चंद्रशेखर के साथ भी संभावित नामों तथा नियुक्तियों के प्रारूप पर विचार-विमर्श होने की चर्चा है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की सहमति के बाद नियुक्तियों की प्रक्रिया को गति मिलने की संभावना है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री के विदेश दौरे से पहले कुछ पदों पर नियुक्ति आदेश जारी किए जा सकते हैं। अन्य पदों के लिए नामों का पैनल संगठन को भेजकर अंतिम सहमति बनाई जा सकती है। मुख्यमंत्री के लौटने के बाद शेष नियुक्तियों पर निर्णय होने की संभावना भी जताई जा रही है।

### 150 पदों के लिए दावेदारों की लंबी कतार

भाजपा के सामने सबसे बड़ा सवाल पदों की संख्या नहीं, बल्कि दावेदारों के बीच संतुलन बनाने का है। लगभग 150 पदों के लिए पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं, पूर्व जनप्रतिनिधियों और सक्रिय कार्यकर्ताओं ने अपनी दावेदारी जताई है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में टिकट से वंचित रहे नेताओं की निगाहें भी इन राजनीतिक नियुक्तियों पर लगी हुई हैं।

नामों के चयन में संगठन के प्रति योगदान, वरिष्ठता, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व, सामाजिक समीकरण और नेताओं की पसंद जैसे पहलुओं को महत्व दिया जा सकता है। मालवा-निमाड़ से लेकर बुंदेलखंड, महाकौशल और ग्वालियर-चंबल तक सभी क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश होगी। एक ही पद के लिए कई प्रभावशाली दावेदार होने के कारण अंतिम सूची तैयार करना संगठन के लिए आसान नहीं माना जा रहा है।

### संगठन की खाली कुर्सियां भी बन रही चुनौती

सरकारी संस्थाओं में नियुक्तियों के साथ भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को भी पूरी तरह सक्रिय करने की चुनौती बनी हुई है। प्रदेश के कई जिलों में मोर्चों और प्रकोष्ठों की कार्यकारिणी का गठन अब तक पूरा नहीं हो पाया है। नए प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देव और संगठन महामंत्री चंद्रशेखर की ओर से 30 अक्टूबर तक संगठन के रिक्त पद भरने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन समयसीमा बीतने के बावजूद कई नियुक्तियां लंबित हैं।

## प्रदेश संगठन द्वारा

जिला इकाइयों से नाम मांगे जाने के बाद भी स्थानीय स्तर पर सहमति नहीं बन पाने से प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी है। जिलाध्यक्षों, मोर्चा पदाधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच पसंद के नामों को लेकर खींचतान की स्थिति बनी हुई है। किसान मोर्चा सहित अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति मोर्चों की टीमों का गठन भी लंबित बताया जा रहा है। कुल मिलाकर, मध्यप्रदेश भाजपा में अब दो मोर्चों पर नियुक्तियों की तैयारी है। एक तरफ सरकार के माध्यम से करीब 150 नेताओं और कार्यकर्ताओं को निगम-मंडलों तथा आयोगों में जगह मिलने की उम्मीद है, तो दूसरी ओर संगठन की अधूरी टीमों को पूरा करने का दबाव है। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित विदेश दौरे से पहले होने वाले राजनीतिक फैसले यह तय कर सकते हैं कि लंबे समय से इंतजार कर रहे किन चेहरों को सत्ता और संगठन में नई जिम्मेदारी मिलती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक संदीप परमार द्वारा उदयरत्न ऑफसेट 170/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड, उज्जैन से मुद्रित एवं 215, सोमानी नगर, एयरपोर्ट 60 फीट रोड, इंदौर (म.प्र.) 452005 से प्रकाशित।
सनातन दवदी (स्थानीय संपादक)/ उत्कर्ष जैन-(जीवन डोडिया-9926084685) RNI No. MPHIN/25/A4357- (सभी विवादों का क्षेत्र इंदौर रहेगा)- (नोट : पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)-मो. 7000928755 E-mail:- vishwanathsamachar@gmail.com